# वाणिज्य व लेखाविधि / COMMERCE AND ACCOUNTANCY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : **Three** Hours

CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

अधिकतम अंक : **250**
Maximum Marks : **250**

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको स्पष्टतया निर्दिष्ट कीजिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :**

(a) श्रम-साध्य ईक्विटी शेयर क्या होते हैं ? किसी कम्पनी द्वारा किन-किन परिस्थितियों में इन शेयरों को निर्गमित किया जा सकता है ?

What are Sweat Equity Shares ? Under what conditions can these shares be issued by a company ? *10*

(b) गतिविधि-आधारित लागत-निर्धारण (ए.बी.सी.) क्या होती है ? ए.बी.सी. प्रणाली कैसे निगमित रणनीति का समर्थन करती है ?

What is Activity-Based Costing (ABC) ? How does ABC system support corporate strategy ? *10*

(c) अन्तरिम लाभांश क्या है ? इस संबंध में लेखापरीक्षक के कर्तव्यों को निर्दिष्ट कीजिए ।

What is Interim Dividend ? Specify the duties of an auditor in this regard. *10*

(d) एक औद्योगिक संगठन के लिए बजट तैयार करने में सम्मिलित कदमों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए ।

Explain briefly the steps involved in preparing the budget for an industrial organization. *10*

(e) आयकर अधिनियम के प्रावधान के अन्तर्गत एक ही शीर्षक में एक स्रोत की हानि की पूर्ति उसी शीर्षक के किसी दूसरे स्रोत की आय से करने के अपवादों को बताइए ।

State the exceptions to the provision under the Income Tax Act regarding set-off of loss from one source against income from another source under the same head. *10*

**Q2.** (a) 31 मार्च, 2021 को ए लिमिटेड और बी लिमिटेड के तुलन-पत्र इस प्रकार हैं :

| | ए लिमिटेड (₹) | बी लिमिटेड (₹) |
|---|---|---|
| **I – ईक्विटी एवं दायित्व :** | | |
| 1. शेयरधारक निधि | | |
| (क) शेयर पूँजी | | |
| अधिकृत पूँजी | | |
| ₹ 100 प्रति शेयर | 5,00,000 | — |
| ₹ 10 प्रति शेयर | — | 10,00,000 |
| पूर्णदत्त निर्गमित पूँजी | 5,00,000 | 4,00,000 |
| (ख) संचय एवं अधिशेष | | |
| पूँजीगत संचय | 1,00,000 | — |
| सामान्य संचय | 35,000 | 4,00,000 |
| 2. अप्रचलित दायित्व | | |
| सुरक्षित ऋण | — | 2,50,000 |
| असुरक्षित ऋण | 1,00,000 | — |
| 3. चालू दायित्व | | |
| विविध लेनदार | 1,55,000 | 1,80,000 |
| **कुल** | 8,90,000 | 12,30,000 |
| **II – परिसम्पत्तियाँ :** | | |
| 1. अप्रचलित परिसम्पत्तियाँ | | |
| स्थायी परिसम्पत्तियाँ | 4,00,000 | 8,00,000 |
| साख | 40,000 | — |
| 2. चालू परिसम्पत्तियाँ | | |
| स्टॉक | — | 1,00,000 |
| अन्य | 4,50,000 | 3,30,000 |
| **कुल** | 8,90,000 | 12,30,000 |

यह प्रस्तावित किया गया कि ए लिमिटेड का बी लिमिटेड में समामेलन किया जाना चाहिए। दोनों कम्पनियों द्वारा निम्नलिखित व्यवस्थाओं को स्वीकार किया गया :

(i) ए लिमिटेड की साख को मूल्यहीन माना जाता है।

(ii) ए लिमिटेड में मूल्यह्रास की बकाया राशि ₹ 20,000 है।

(iii) ए लिमिटेड में प्रत्येक 2 शेयरों के धारक को प्राप्त करना था :

(1) सममूल्य पर पूर्णदत्त के रूप में बी लिमिटेड में 10 शेयर; और

(2) शेयरधारकों के अधिकार को समायोजित करने के लिए इतनी नकदी जो कि ए लिमिटेड के तुलन-पत्र में साख एवं मूल्यह्रास के संबंध में आवश्यक समायोजन के बाद, दोनों कम्पनियों के तुलन-पत्र के आधार पर शेयर के आंतरिक मूल्य के अनुसार आवश्यक है ।

आपको :

(I) क्रय प्रतिफल का संमिश्र निर्धारण करना है; और

(II) समामेलन के बाद का तुलन-पत्र (चिट्ठा) प्रदर्शित करना है ।

Balance Sheets of A Ltd. and B Ltd. as on March 31, 2021 are as follows :

| | A Ltd. (₹) | B Ltd. (₹) |
|---|---|---|
| **I – Equity and Liabilities :** | | |
| 1. Shareholder's Funds | | |
| (a) Share Capital | | |
| Authorised Capital | | |
| Share of ₹ 100 each | 5,00,000 | — |
| Share of ₹ 10 each | — | 10,00,000 |
| Issued capital fully paid | 5,00,000 | 4,00,000 |
| (b) Reserve and Surplus | | |
| Capital Reserve | 1,00,000 | — |
| General Reserve | 35,000 | 4,00,000 |
| 2. Non-Current Liabilities | | |
| Secured Loans | — | 2,50,000 |
| Unsecured Loans | 1,00,000 | — |
| 3. Current Liabilities | | |
| Sundry Creditors | 1,55,000 | 1,80,000 |
| **Total** | 8,90,000 | 12,30,000 |
| **II – Assets :** | | |
| 1. Non-Current Assets | | |
| Fixed Assets | 4,00,000 | 8,00,000 |
| Goodwill | 40,000 | — |
| 2. Current Assets | | |
| Stock | — | 1,00,000 |
| Others | 4,50,000 | 3,30,000 |
| **Total** | 8,90,000 | 12,30,000 |

It was proposed that A Ltd. should be amalgamated in B Ltd. Following arrangements were accepted by both the companies :

(i) Goodwill of A Ltd. is considered as valueless.

(ii) Arrears of depreciation in A Ltd. amounted to ₹ 20,000.

(iii) The holder of every 2 shares in A Ltd. was to receive :

(1) As fully paid at par, 10 shares in B Ltd.; and

(2) So much cash as is necessary to adjust the right of the shareholders of both the companies in accordance with the intrinsic value of the shares as per their balance sheets subject to necessary adjustments with regard to goodwill and depreciation in A Ltd's Balance Sheet.

You are required to :

(I) Determine the composite of purchase consideration; and

(II) Show the balance sheet after amalgamation. 20

(b) ग्रेट ओशन लिमिटेड वर्तमान में एक स्थानीय आपूर्तिकर्ता से एक उपकरण ₹ 30 प्रति की दर पर खरीद रही है । आपूर्ति अनियमित होने के कारण कम्पनी निम्नलिखित दो प्रस्तावों पर विचार कर रही है :

(i) इस उपकरण के निर्माण हेतु एक अर्ध-स्वचालित मशीन खरीदी व लगाई जाए जिस पर ₹ 18,00,000 वार्षिक स्थायी लागत तथा ₹ 12 प्रति निर्मित उपकरण परिवर्तनीय लागत आएगी ।

(ii) इस उपकरण को बनाने के लिए एक स्वचालित मशीन खरीदी व लगाई जाए जिस पर ₹ 30,00,000 वार्षिक स्थायी लागत तथा ₹ 10 प्रति निर्मित उपकरण परिवर्तनीय लागत आएगी ।

कम्पनी की वार्षिक आवश्यकता 5,00,000 इकाइयाँ होने की संभावना है और उसके बाद मात्रा 6,00,000 इकाइयों तक बढ़ने की सम्भावना है । आप स्वचालित या अर्ध-स्वचालित मशीन में से किसकी अनुशंसा करेंगे ? अपनी अनुशंसा को आवश्यक गणनाओं के साथ तर्कसंगत बनाइए ।

Great Ocean Ltd. is currently buying a component from a local supplier @ ₹ 30 each. As the supply is irregular, the company is considering the following two proposals :

(i) Buy and install a semi-automatic machine for manufacturing this component, which would involve an annual fixed cost of ₹ 18,00,000 and variable cost of ₹ 12 per manufactured component.

(ii) Buy and install an automatic machine for manufacturing this component, incurring an annual fixed cost of ₹ 30,00,000 and variable cost of ₹ 10 per manufactured component.

The annual requirement of the company is expected to be 5,00,000 units and the volume is expected to increase to 6,00,000 units thereafter. Would you recommend the automatic or semi-automatic machine ? Justify your recommendation with necessary computations. 15

(c) वार्षिक मूल्य क्या है ? एक ऐसे मकान जो कि पूरे गत वर्ष किराए पर दिया गया है, के वार्षिक मूल्य को निर्धारित करने की प्रक्रिया को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

What is Annual Value ? Illustrate the procedure of computing the annual value of a house property which is let out throughout the previous year. *15*

**Q3.** (a) एक्स, जो एक फर्म में कर्मचारी है, 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले वर्ष की आय का निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करता है :

| | ₹ |
|---|---|
| मूल वेतन | 2,88,000 |
| महँगाई भत्ता | 57,600 |
| प्रमाणित भविष्य निधि (प्रॉविडेन्ट फण्ड) में स्वयं का अंशदान | 40,320 |
| उपर्युक्त निधि में नियोक्ता का अंशदान | 40,320 |
| प्रमाणित भविष्य निधि (प्रॉविडेन्ट फण्ड) के शेष पर ब्याज | 28,000 |
| बोनस | 24,000 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ :*

(i) एक्स को नियोक्ता द्वारा छोटी कार दी गई, जिसके रखरखाव तथा चलाने का सम्पूर्ण व्यय नियोक्ता ने भुगतान किया । कार निजी तथा कार्यालय के उद्देश्यों के लिए प्रयोग की गई ।

(ii) उसे कोलकाता में किराया-मुक्त आवास भी प्रदान किया गया, जिसके लिए नियोक्ता ने ₹ 2,500 प्रति माह किराया दिया । उसे एक रेफ्रिजरेटर तथा एक वातानुकूलन यंत्र (एयर-कंडीशनर) का प्रयोग करने की अनुमति मिली, जिनकी लागत क्रमश: ₹ 16,000 तथा ₹ 24,000 थी, जबकि 01.04.2020 को उनका अपलिखित मूल्य क्रमश: ₹ 9,000 तथा ₹ 14,000 था ।

(iii) एक्स के जीवन पर ₹ 4,80,000 की एक बीमा पॉलिसी हेतु उसके नियोक्ता ने ₹ 24,000 का जीवन बीमा प्रीमियम भुगतान किया ।

कर-निर्धारण वर्ष 2021 – 22 के लिए एक्स के कर-योग्य वेतन की गणना कीजिए ।

X, an employee of a firm, furnished the following particulars of his income for the year ended March 31, 2021 :

| | ₹ |
|---|---|
| Basic Salary | 2,88,000 |
| Dearness Allowance | 57,600 |
| Own contribution to recognized Provident Fund | 40,320 |
| Employer's contribution to the above fund | 40,320 |
| Interest on balance in recognized Provident Fund | 28,000 |
| Bonus | 24,000 |

*Additional Information :*

(i) X was provided with a small car for which the employer paid all the running and maintenance costs. The car was used for official as well as personal purposes.

(ii) He was also provided with rent-free accommodation at Kolkata for which the employer paid a rent of ₹ 2,500 pm. He was allowed to use one refrigerator and an air-conditioner costing ₹ 16,000 and ₹ 24,000 respectively, while their written-down values as on 01.04.2020 were ₹ 9,000 and ₹ 14,000 respectively.

(iii) Life insurance premium of ₹ 24,000 was paid by his employer on an Insurance Policy for ₹ 4,80,000 on the life of X.

Compute the taxable salary of X for the Assessment Year 2021 – 22. *20*

(b) लेखांकन मानक-9 के अनुसार 'राजस्व' शब्द को स्पष्ट कीजिए । उन मदों को बताइए जो 'राजस्व' शब्द में सम्मिलित नहीं की जातीं । माल की बिक्री से राजस्व को कब मान्यता मिलनी चाहिए ?

Explain the term 'Revenue' as per AS-9. State the items not included in the term 'Revenue'. When should revenue from sale of goods be recognized ? *15*

(c) उत्तरदायित्व लेखांकन की अवधारणा व विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । ऐसी लेखा प्रणाली को लागू करने में निहित चरणों की विवेचना कीजिए ।

Explain the concept and features of Responsibility Accounting. Discuss the steps involved in implementing such an Accounting System. *15*

**Q4.** (a) निम्नलिखित विवरण एक कम्पनी के लागत रिकॉर्ड से लिए गए हैं :

सामग्री : 5 पौंड @ ₹ 5 – ₹ 25

श्रम : 4 घण्टे @ ₹ 3 – ₹ 12

जनवरी, 2022 महीने के दौरान उत्पादन कार्यक्रम 7000 इकाइयाँ पूरा करने का था; जबकि महीने के दौरान वास्तव में 8100 इकाइयों का उत्पादन किया गया था । 40000 पौंड सामग्री कुल ₹ 1,65,000 के बीजक मूल्य पर खरीदी गई ।

जनवरी, 2022 महीने के उत्पादन रिकॉर्ड से निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए : सामग्री माँगी गई और प्रयोग की – 35800 पौंड, प्रत्यक्ष श्रम – 17200 घण्टे – ₹ 59,400 ।

उपयुक्त सामग्री तथा श्रम विचरणों की गणना कीजिए ।

The following details have been extracted from the cost records of a company :

Material : 5 lbs @ ₹ 5 – ₹ 25

Labour : 4 Hrs @ ₹ 3 – ₹ 12

The production schedule for the month of January, 2022 required the completion of 7000 units; however 8100 units were actually produced during the month. Purchase of materials of 40000 lbs was made at a total invoice price of ₹ 1,65,000.

Production record for the month of January, 2022 revealed the following :

Materials requisitioned and used – 35800 lbs, Direct labour – 17200 Hrs – ₹ 59,400.

Calculate the appropriate material and labour variances. *20*

(b) लेखांकन पर व्यवहारपरक विज्ञान के प्रभाव की विवेचना कीजिए ।

Discuss the impact of behavioural sciences on Accounting. *15*

(c) पुण्यार्थ संस्थानों की लेखापरीक्षा करते समय एक लेखापरीक्षक द्वारा विचार किए जाने वाले प्रमुख बिंदुओं की विवेचना कीजिए ।

Discuss the major points to be considered by an auditor while conducting the audit of charitable institutions. *15*

## खण्ड B
## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :**

(a) 'पूँजी परिसम्पत्ति कीमत-निर्धारण मॉडल' की व्याख्या कीजिए ।
Explain 'Capital Asset Pricing Model'. *10*

(b) भारत में वित्तीय संस्थाओं द्वारा सामना किए जाने वाले किन्हीं पाँच जोखिमों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।
Briefly explain any five risks faced by the financial institutions in India. *10*

(c) लाभांश निर्णय के वाल्टर मॉडल की विवेचना कीजिए ।
Discuss Walter's model of dividend decision. *10*

(d) पूँजी बजटन निर्णय के संबंध में प्रतिफल की बहु-आंतरिक दरों की समस्या की विवेचना कीजिए ।
Discuss the problem of multiple internal rates of return in relation to capital budgeting decision. *10*

(e) शेयरधारकों की संपत्ति को अधिकतम करने के उद्देश्य की व्याख्या कीजिए ।
Explain the objective of maximising the wealth of shareholders. *10*

**Q6.** (a) निम्नलिखित आँकड़ों से तुलन-पत्र तथा लाभ-हानि विवरण तैयार कीजिए :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (क) | शेयर पूँजी | 9,60,000 |
| (ख) | कार्यशील पूँजी | 3,64,000 |
| (ग) | बैंक अधिविकर्ष | 60,000 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ :*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | चालू अनुपात | – | 2 |
| (ii) | त्वरित अनुपात | – | 1·5 |
| (iii) | स्वामित्व अनुपात (स्थिर परिसम्पत्तियाँ/ स्वामित्व निधि) | – | 0·80 |
| (iv) | सकल लाभ अनुपात | – | 0·20 |
| (v) | स्कन्ध आवर्त अनुपात | – | 4 |
| (vi) | व्यापारिक प्राप्य आवर्त | – | 36 दिन |
| (vii) | प्रदत्त पूँजी पर शुद्ध लाभ | – | 10% |

मान लीजिए कि कोई आभासी परिसम्पत्तियाँ नहीं हैं । चालू परिसम्पत्तियों में स्कन्ध, व्यापारिक प्राप्य और रोकड़ के अतिरिक्त कोई परिसम्पत्तियाँ नहीं हैं । अन्तिम स्टॉक प्रारम्भिक स्टॉक से 20% अधिक है । साथ ही, एक वर्ष में 360 दिन मान लीजिए ।

From the following data, you are required to prepare a Balance Sheet and a Statement of Profit and Loss : 20

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (a) | Share Capital | 9,60,000 |
| (b) | Working Capital | 3,64,000 |
| (c) | Bank Overdraft | 60,000 |

*Additional information :*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Current Ratio | – | 2 |
| (ii) | Quick Ratio | – | 1·5 |
| (iii) | Proprietary Ratio (Fixed Assets/ Proprietary Fund) | – | 0·80 |
| (iv) | Gross Profit Ratio | – | 0·20 |
| (v) | Inventory Turnover Ratio | – | 4 |
| (vi) | Trade Receivables Turnover | – | 36 days |
| (vii) | Net Profit to Paid-up Capital | – | 10% |

Assume there are no fictitious assets. In the case of current assets, there are no assets other than inventories, trade receivables and cash. Closing inventory is 20% higher than the opening inventory. Also assume 360 days in a year.

(b) एक कम्पनी की पूँजी संरचना में निम्नलिखित सम्मिलित हैं :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| ईक्विटी शेयर पूँजी : (₹ 100 प्रति शेयर) | — | 40,00,000 |
| प्रतिधारित आय | — | 20,00,000 |
| 8% अधिमान शेयर | — | 20,00,000 |
| 7% ऋणपत्र | — | 4,00,000 |
| कुल | — | 84,00,000 |

कम्पनी को विस्तार कार्यक्रम के वित्त-पोषण हेतु ₹ 50,00,000 की आवश्यकता है जिसके लिए निम्नलिखित विकल्प उपलब्ध हैं :

(i) ₹ 25 प्रति शेयर प्रीमियम पर 40,000 ईक्विटी शेयरों का निर्गमन

(ii) 10% अधिमान शेयरों का निर्गमन

(iii) 8% ऋणपत्रों का निर्गमन

यह अनुमान लगाया गया है कि ईक्विटी शेयर, अधिमान शेयर एवं ऋणपत्र वित्त-पोषण की स्थिति में कीमत/आय (पी.ई.) अनुपात क्रमशः 21·4, 17 तथा 15·7 होंगे ।

मान लीजिए कि कम्पनी अपनी पूँजी पर 12% अर्जित करती है । आयकर की दर 50% है । आपको तीन वित्त-पोषण विकल्पों का मूल्यांकन करके कम्पनी के लिए उपयुक्त सर्वोत्तम विकल्प की अनुशंसा करनी है ।

Capital structure of a company consists of the following :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| Equity Share Capital : (Shares of ₹ 100 each) | — | 40,00,000 |
| Retained Earning | — | 20,00,000 |
| 8% Preference Shares | — | 20,00,000 |
| 7% Debentures | — | 4,00,000 |
| Total | — | 84,00,000 |

The company requires ₹ 50,00,000 to finance the expansion programme for which the following alternatives are available :

(i) Issue of 40,000 equity shares at a premium of ₹ 25 per share

(ii) Issue of 10% Preference Shares

(iii) Issue of 8% Debentures

It is estimated that in the case of equity shares, preference shares and debentures financing, the PE ratios would be 21·4, 17 and 15·7 respectively.

Assume the company earns 12% on its capital with the income tax rate of 50%.

You are required to evaluate the three financing alternatives and recommend the best alternative suitable for the company. *15*

(c) मुद्रा बाज़ार क्या है ? एक विकसित मुद्रा बाज़ार की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए ।

What is money market ? Explain the features of a developed money market. *15*

**Q7.** (a) एक कम्पनी अपनी निवेश योजनाओं को पूरा करने के लिए ₹ 20 लाख का अतिरिक्त वित्त जुटाना चाहती है । इसके पास निवेश के उद्देश्य हेतु ₹ 4,20,000 प्रतिधारित आय के रूप में उपलब्ध है ।

अतिरिक्त विवरण निम्नलिखित हैं :

(i) ऋण/ईक्विटी मिश्रण — 30%/70%

(ii) ऋण की लागत ₹ 3,60,000 तक — कर से पूर्व 10% है;
₹ 3,60,000 के बाद — कर से पूर्व 16% है;

(iii) प्रति शेयर आय ₹ 8 है

(iv) लाभांश भुगतान आय का 50% है

(v) लाभांश में अपेक्षित वृद्धि दर 10% है

(vi) प्रति शेयर चालू बाज़ार मूल्य ₹ 88 है

(vii) कर की दर 50% है

आपको अतिरिक्त वित्त जुटाने हेतु प्रतिरूप, अतिरिक्त ऋण की कर-पश्चात् औसत लागत, प्रतिधारित आय की लागत तथा समता पूँजी (ईक्विटी) की लागत का निर्धारण करना है ।

अतिरिक्त वित्त की कर-पश्चात् समग्र भारांकित औसत लागत की गणना भी कीजिए ।

A company wishes to raise additional finance of ₹ 20 lakh for meeting its investment plans. It has ₹ 4,20,000 in the form of retained earnings available for investment purposes.

Following are the additional details :

(i) Debt/Equity mix — 30%/70%

(ii) Cost of debt upto ₹ 3,60,000 is 10% before tax;
Beyond ₹ 3,60,000 is 16% before tax;

(iii) Earnings per share is ₹ 8

(iv) Dividend payout is 50% of earnings

(v) Expected growth rate in dividend is 10%

(vi) Current market price per share is ₹ 88

(vii) Tax rate is 50%

You are required to determine the pattern for raising the additional finance, the post-tax average cost of additional debt, the cost of retained earnings and the cost of equity.

Also compute the overall weighted average after-tax cost of additional finance. *20*

(b) ज़ेड लिमिटेड के निम्नलिखित संक्षिप्त नकद खाता से 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लेखांकन मानक-3 के अनुसार प्रत्यक्ष विधि से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए ।

**संक्षिप्त नकद खाता**

**(31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए) (₹ '000 में)**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| 01/04/2021 को शेष | 100 | आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान | 4,000 |
| ईक्विटी शेयरों का निर्गमन | 600 | अचल परिसम्पत्तियों की खरीद | 400 |
| ग्राहकों से प्राप्तियाँ | 5,600 | उपरिव्यय | 400 |
| अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री | 200 | मज़दूरी एवं वेतन | 200 |
| | | कर | 500 |
| | | लाभांश | 100 |
| | | बैंक ऋण का पुनर्भुगतान | 600 |
| | | 31/03/2022 को शेष | 300 |
| | 6,500 | | 6,500 |

*नोट:*

कम्पनी के पास कोई नकद समतुल्यता नहीं है ।

From the following Summary Cash Account of Z Ltd., you are required to prepare Cash Flow Statement for the year ended March 31, 2022 in accordance with AS-3 using the Direct method. 15

**Summary Cash Account**
**(for the year ended March 31, 2022) (₹ in '000)**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| Balance on 01/04/2021 | 100 | Payment to suppliers | 4,000 |
| Issue of Equity Shares | 600 | Purchase of fixed assets | 400 |
| Receipts from customers | 5,600 | Overhead expenses | 400 |
| Sale of fixed assets | 200 | Wages & Salaries | 200 |
| | | Taxation | 500 |
| | | Dividend | 100 |
| | | Repayment of bank loan | 600 |
| | | Balance on 31/03/2022 | 300 |
| | 6,500 | | 6,500 |

*Note :*

The company does not have any cash equivalance.

(c) नैगमिक (कॉर्पोरेट) पुनर्गठन क्या होता है ? नैगमिक पुनर्गठन की तकनीकों को स्पष्ट कीजिए ।

What is corporate restructuring ? Explain the techniques of corporate restructuring. 15

**Q8.** (a) एक्स लिमिटेड के व्यापारिक व लाभ-हानि खाता एवं तुलन-पत्र में प्रदत्त निम्नलिखित सूचनाओं से आपको परिचालन चक्र अवधि की गणना करनी है ।

**व्यापारिक व लाभ-हानि खाता**

**(31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए) (₹ लाख में)**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| आरंभिक स्टॉक : | | बिक्री | 640 |
| कच्चा माल | 28 | अन्तिम स्टॉक : | |
| निर्माणाधीन कार्य | 60 | कच्चा माल | 32 |
| तैयार माल | 40 | निर्माणाधीन कार्य | 80 |
| क्रय | 480 | तैयार माल | 60 |
| मज़दूरी | 50 | | |
| निर्माण व्यय | 30 | | |
| सकल लाभ | 124 | | |
| | 812 | | 812 |
| कार्यालय एवं प्रशासनिक व्यय | 32 | सकल लाभ | 124 |
| बिक्री एवं वितरण व्यय | 16 | | |
| शुद्ध लाभ | 76 | | |
| | 124 | | 124 |

**तुलन-पत्र (31 मार्च, 2022 को) (₹ लाख में)**

| दायित्व | ₹ | परिसम्पत्तियाँ | ₹ |
|---|---|---|---|
| शेयर पूँजी | 600 | भूमि एवं भवन | 300 |
| ऋण | 320 | संयंत्र एवं मशीनरी | 480 |
| लाभ एवं हानि खाता | 76 | स्टॉक : | |
| लेनदार | 84 | कच्चा माल | 32 |
| | | निर्माणाधीन कार्य | 80 |
| | | तैयार माल | 60 |
| | | देनदार | 104 |
| | | नकदी | 24 |
| | 1080 | | 1080 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ :*

(i) देनदारों का अन्तिम शेष देनदारों के प्रारम्भिक शेष से ₹ 8 लाख अधिक है ।

(ii) लेनदारों का प्रारम्भिक शेष ₹ 24 लाख है ।

(iii) क्रय और विक्रय केवल उधार के आधार पर किए जाते हैं ।

From the following information as contained in the Trading and Profit & Loss Account and Balance Sheet of X Ltd., you are required to calculate the operating cycle period. *20*

**Trading and Profit & Loss Account**

**(for the year ended March 31, 2022) (₹ in lakh)**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| To Opening Stock : | | By Sales | 640 |
| Raw Materials | 28 | By Closing Stock : | |
| Work-in-Process | 60 | Raw Materials | 32 |
| Finished Goods | 40 | Work-in-Process | 80 |
| To Purchases | 480 | Finished Goods | 60 |
| To Wages | 50 | | |
| To Manufacturing Expenses | 30 | | |
| To Gross Profit | 124 | | |
| | 812 | | 812 |
| To Office & Administrative Expenses | 32 | By Gross Profit | 124 |
| To Selling & Distribution Expenses | 16 | | |
| To Net Profit | 76 | | |
| | 124 | | 124 |

**Balance Sheet (as on March 31, 2022) (₹ in lakh)**

| Liabilities | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|
| Share Capital | 600 | Land & Buildings | 300 |
| Loans | 320 | Plant & Machinery | 480 |
| Profit & Loss Account | 76 | Stocks : | |
| Creditors | 84 | Raw Materials | 32 |
| | | Work-in-Process | 80 |
| | | Finished Goods | 60 |
| | | Debtors | 104 |
| | | Cash | 24 |
| | 1080 | | 1080 |

*Additional Information :*

(i) Closing balance of debtors is ₹ 8 lakh more than the opening balance of debtors.

(ii) Opening balance of creditors is ₹ 24 lakh.

(iii) Purchases and sales are made on credit basis only.

(b) एक देश के आर्थिक विकास में वाणिज्यिक बैंकों की भूमिका की विवेचना कीजिए ।
Discuss the role of commercial banks in the economic development of a country. 15

(c) मोदिग्लियानी एवं मिलर मॉडल (एम एण्ड एम मॉडल) के अनुसार अन्तर-पणन प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए ।
Explain the Arbitrage process as per the M&M Model. 15